सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 217 | इंदौर, शुक्रवार 16 फरवरी, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## बात मुद्दे कि...

आगे के समय में आप देखेंगे की माता-पिता अपने बच्चों को कितना कमा रहा है, कितना सुंदर है, कितना होशियार है आदि विषयों पर नहीं तोलेंगे। आगे सिर्फ एक ही मार्ग रह जाएगा और वह है कि संतान कितनी धार्मिक और संस्कारी है। क्योंकि वर्तमान समय में संस्कार का सबसे अधिक पतन हो रहा है और जिसने अपनी संतान को धार्मिक और जड़ों से मजबूत रखा वर्तमान में वही सबसे बड़ी पूजा है।

@ पुष्पेन्द्र पुष्प

## Headline

1. **Bharat Bandh:** किसान संगठनों ने बुलाया भारत बंद; पंजाब में दिखेगा असर, दिल्ली-एनसीआर में बढ़ाई गई सुरक्षा
2. **Farmer Protest:** शंभू बॉर्डर पर बैठे गुरदासपुर के बुजुर्ग किसान की मौत, देर रात बिगड़ी थी तबीयत
3. **Bihar :** तेजस्वी यादव ने राहुल गांधी की न्याय यात्रा में संभाली स्टीयरिंग, दूरी की चर्चा पर लगाया विराम
4. **West Bengal:** भाजपा का प्रतिनिधिमंडल संदेशखाली रवाना, केंद्रीय मंत्री बोलीं- बंगाल में लोकतंत्र की हत्या हुई
5. **Maharashtra:** मुंबई हवाई अड्डे पर व्हीलचेयर नहीं मिलने से बुजुर्ग की मौत, एयर इंडिया ने दी सफाई

### सरकार ने कांग्रेस विधायकों से मांगे

# 5-5 करोड़ के प्रस्ताव

## राज्यपाल से मिलकर लगाया था भेदभाव का आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल । मध्यप्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दौरान कांग्रेस विधायकों ने मोहन सरकार पर भेदभाव के आरोप लगाए थे। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में विधायकों ने पिछले हफ्ते राज्यपाल मंगू भाई पटेल से मुलाकात कर हस्तक्षेप की मांग की थी। सदन में विरोध से लेकर गर्वनर तक मुलाकातों के बाद अब सरकार ने कांग्रेस विधायकों से भी 5-5 करोड़ रुपए के विकास कार्यों के प्रस्ताव मांगे हैं।**

### कांग्रेस MLAs का आरोप- बीजेपी विधायकों से मंगाए 15 करोड़ के प्रस्ताव

बजट सत्र के दौरान कांग्रेस विधायकों ने इस मामले को जोर-शोर से उठाया। कि बीजेपी विधायकों से विकास कार्यों के लिए 15-15 करोड़ के प्रस्ताव मंगाए हैं। इनमें सड़क निर्माण, सामुदायिक भवन, अतिरिक्त कक्ष जैसे तमाम कार्यों के प्रस्ताव मांगे हैं। इसकी जानकारी मिलने पर कांग्रेस विधायक मोहन सरकार पर भेदभाव के आरोप लगा रहे हैं।

### कांग्रेस-बीजेपी में भेदभाव ना करे सरकार- नेता प्रतिपक्ष

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने राज्यपाल से मिलने के बाद 8 फरवरी को मीडिया से चर्चा में कहा- ''प्रदेश में जिस तरह से व्यवस्था चल रही है। भाजपा अपने विधायकों से 15 करोड़ और सांसदों से 50 करोड के प्रस्ताव मंगा रही है। मुख्यमंत्री ने जो शपथ ली उसमें सबके प्रति न्याय, नियम कानून के अनुसार सभी बराबर हैं। कांग्रेस विधायकों के क्षेत्र से 15 करोड के प्रस्ताव नहीं मंगाए जा रहे। चूंकि हमारी विधानसभाओं में भी सभी समाज के लोग हैं। उनकी भी जरूरत के अनुसार सड़क, स्कूल अस्पताल, बनना चाहिए। क्या भाजपा प्रदेश की जनता के साथ ऐसा मजाक कर रही है? यही हमने राज्यपाल जी से अनुरोध किया है कि आप सरकार को निर्देशित करें। आप इस तरह से कांग्रेस बीजेपी में भेदभाव ना करें। निष्पक्ष रूप से विकास के लिए सभी को राशि आवंटित कराएं।''



### MLA अलावा बोले- हमसे 5 करोड के प्रस्ताव मांगे, मिलेंगे ये भी विश्वास नहीं

मनावर से कांग्रेस विधायक डॉ. हीरालाल अलावा ने कहा- मप्र की लोकतांत्रिक व्यवस्था में जहां भाजपा के शासन में बीजेपी और कांग्रेस के बीच भेदभाव साफ दिखाई दे रहा है। आज कोई भी विधायक जनता के माध्यम से चुनकर आता है। जब सरकार बनती है तो सरकार सबकी होती है। लेकिन भाजपा सत्ता में आने के बाद जनता के साथ बीजेपी, कांग्रेस का भेदभाव कर रही है।

सरकार ने बीजेपी विधायकों से 15-15 करोड़ के प्रस्ताव मांगें हैं। लेकिन कांग्रेस विधायकों ने स्पीकर साहब से अनुरोध किया तो कांग्रेस विधायकों से सिर्फ 5-5 करोड़ के प्रस्ताव मांगे हैं। वो भी गारंटी नहीं हैं कि सरकार हमारे क्षेत्र में फंड देगी। हम ये चाहते हैं कि जब बीजेपी विधायकों से 15 करोड के प्रस्ताव मांगे गए तो कांग्रेस विधायकों के क्षेत्र में भी 15 करोड के ही काम मंजूर किए जाएं। ताकि जो भाजपा का नारा है सबका साथ, सबका विकास, तो फिर बीजेपी-कांग्रेस के विधायकों में भेदभाव नहीं होना चाहिए।

### 59 से ज्यादा कांग्रेस विधायकों ने दिए प्रस्ताव

सरकार की ओर से प्रस्ताव लेने की सहमति मिलने के बाद कांग्रेस विधायकों ने अपने क्षेत्रों में विकास कार्यों के प्रस्ताव बनाकर सीएम को देने शुरू कर दिए हैं। गुरुवार देर शाम तक करीब 57 विधायकों ने अपने प्रस्ताव सीएम सचिवालय को भेजे हैं। कई विधायकों ने 5 करोड़ के बजाए 8 और 10 करोड़ के प्रस्ताव बनाकर भेजे हैं।

### कलेक्टर आशीष सिंह ने निर्देश दिए

# मेट्रो संबंधी कार्यों को गति दी जाए

**इंदौर। कलेक्टर आशीष सिंह ने निर्देश दिए हैं कि मेट्रो संबंधी कार्यों को गति दी जाए। मेट्रो संबंधी निर्माण कार्य तेज गति से पूर्ण हो उसके लिए सभी आवश्यक कार्यवाही जल्द से जल्द पूरी हो। सभी अवरोधों को अगले 7 दिन में दूर किया जाए।**



कलेक्टर आशीष सिंह ने गुरुवार को यहां मेट्रो से जुड़े सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक कलेक्टर कार्यालय में ली। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर मनोज श्रीवास्तव, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरपी अहिरवार, अपर कलेक्टर गौरव बैनल तथा रोशन राय सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में आशीष सिंह ने मेट्रो के निर्माण कार्य, मेट्रो स्टेशन, मेट्रो लाईन आदि के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मेट्रो के दूसरे चरण के तहत किए जाने वाले कार्यों और उनमें आ रही बाधाओं की जानकारी भी ली। उन्होंने निर्माण कार्य में आ रही प्रक्रियात्मक कार्यवाहियों को पूर्ण करने और अन्य बाधाओं को अगले 7 दिन में दूर करने के निर्देश दिए। कलेक्टर आशीष सिंह ने मेट्रो स्टेशन पर पार्किंग की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए।

# श्रीविश्व पुस्तक मेले में सम्मोहक महिला चरित्र पर चर्चा

### डीएवीवी के पत्रकारिता एवं जनसंपर्क विभाग की एचओडी रही सुषमा कस्बेकर ने रखे विचार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। नेशनल बुक ट्रस्ट ऑफ इंडिया द्वारा दिल्ली में विश्व पुस्तक मेले में 12 फरवरी, 2024 को ह्रसम्मोहक महिला चरित्रह्व शीर्षक से एक पैनल चर्चा आयोजित की गई । पैनल में लेखिका और शिक्षाविद् डॉ. सुषमा कस्बेकर शामिल थीं, लेखिका रश्मी वर्मा और बुक बेकर्स में लिटरेरी एजेंट और सीईओ सुहैल माथुर मॉडरेटर हैं।**

चर्चा की शुरूआत डॉ. कस्बेकर द्वारा लिखित मर्डर एट द क्लब और टिडबिट्सः ए टेल ऑफ एंट्स के पात्रों पर प्रकाश डालते हुए हुई। पुस्तकें व्यापक रूप से पढ़ी गई हैं, विशेष रूप से मर्डर एट द क्लब में इसके आकर्षक चरित्रों और उतार-चढ़ाव के कारण। सुश्री रश्मि वर्मा ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे पितृसत्तात्मक मानदंड हमारे समाज में व्याप्त हैं और कैसे महिला लेखकों को लेखिका होना चाहिए और उन्हें ह्रमहिला लेखकह्व का लेबल नहीं दिया जाना चाहिए। सुहैल माथुर ने प्रासंगिक प्रश्न पूछे और अपनी हाजिरजवाबी और हास्य से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अहमदाबाद अंतर्राष्ट्रीय साहित्य महोत्सव का नेतृत्व कर रहे उमाशंकर यादव ने पैनल का परिचय दिया और उत्कृष्ट आयोजन के लिए उनकी प्रशंसा की। ज्ञात रहे सुषमा कस्बेकर देवी अहिल्या विश्व विद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंपर्क विभाग की एचओडी रही है इंदौर से उनका गहरा नाता है।

## इंदौर के 3 युवाओं का स्टार्टअप पहुँचा शॉर्कटैंक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर में स्टार्टअप के लिए बहुत अच्छा इकोसिस्टम डेवलप हो गया है, इसी का परिणाम है कि शहर के युवा अब अपने स्टार्टअप को लेकर शार्क टैंक जैसे प्रतिष्ठित प्लेटफार्म तक पहुंच रहे हैं। शार्क टैंक के सीजन-3 में इंदौर के मोहित जैन, अंकित भंवर और अंशुमान तिवारी अपना स्टार्टअप आइडिया लेकर पहुंचे और शहर के स्टार्टअप इकोसिस्टम को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई। शो में शार्क्स ने उनके आइडिया को काफी पसंद किया और बिजनेस मॉडल को बेहतर बनाने के लिए कई सुझाव भी दिए। मोहित, अंकित और अंशुमान तीनों ने ही आईईटी-डीएवीवी से इंजीनियरिंग की है और इसके बाद से तीनों अलग अलग बिजनेस में लगे हुए थे।

## बसंत पंचमी उत्सव मनाया गया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। हम फाउंडेशन भारत मालवा प्रांत की अहिल्याबाई शाखा के द्वारा अपरल टेनिंग डिजाइनिंग सेंटर इंदौर में बसंत पंचमी के सुअवसर पर संथा के प्राचार्य एवं टीचिंग स्टाफ एवं प्रशिक्षाणरत छात्र एवं छत्राओ के साथ बसंत पंचमी उत्सव मनाया गया। प्राचार्य एवं स्टाफ को शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया एवं छात्र छात्राओ को मिठाई वितरित की गई । कार्यक्रम की अध्यक्षता आर के जैन अध्यक्ष मालवा प्रांत के द्वारा की गई एवं श्रीमती कमाना कुशवाह अतिरिक्त महासचिव श्रीमती निरुपमा जैन एवं श्रीमती वर्षा महोलिया भी उपस्थित रही। संस्था द्वारा महिलाओं एवं बच्चों को कपड़ों की डिजर्न एवं फैशन डिजाइन के कोर्श चलाए जाते है।

# सराफा बाजार में अब अवंतिका गैस पाइप लाइन बिछाई जाएगी

### अभी सोना ढालने के लिए सिलेंडरों का इस्तेमाल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। सराफा बाजार में अब अवंतिका गैस पाइप लाइन बिछाई जाएगी। इसके लिए कलेक्टर आशीष सिंह ने सराफा बंगाली कारीगर, अवंतिका एजेंसी और सराफा बाजार एसोसिएशन के पदाधिकारियों की बैठक ली। जिसमें दोनों ही पक्षों द्वारा पाइप लाइन बिछाने पर सहमति बनी है। बता दें कि हरदा हादसे के बाद सराफा बाजार एसोसिएशन ने बंगाली कारीगर और चाट चौपाटी वालों को सराफा से बाहर करने की मांग की थी।



इसके पीछे वजह बताई थी की यह लोग यहां पर सैकड़ों गैस की टंकी के बीच में काम करते हैं। जिससे कभी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। सराफा बाजार के मामले को लेकर कलेक्टर आशीष सिंह ने बताया कि सराफा में जो सोना-चांदी ढालने का काम कॉमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर से किया जाता है। उसे सिलेंडर से बेहतर विकल्प देने के लिए गैस पाइप लाइन डाली जाएगी। इसे सराफा में होने वाला यह काम बेहद ही सुरक्षित हो जाएगा और इससे कोई परेशानी भी नहीं होगी। इसके लिए आज अवंतिका गैस एजेंसी और सराफा एसोसिएशन के पदाधिकारियों को बुलाया गया था। दोनों ही पक्ष सहमत है। सराफा में सर्वे का काम किया जाएगा। सर्वे करके बहुत जल्दी ही पाइप लाइन ढालने का काम शुरू कर दिया जाएगा।

### कटाक्ष




# शायर राहत इंदौरी की याद में कवि सम्मेलन व मुशायरा कल

### देश के ख्याति प्राप्त कवि एवं शायर अपनी कविता सुनायेगे और कलाम पढ़ेगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर । मशहूर शायर राहत इंदौरी की याद में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन और मुशायरा 17 फरवरी , शनिवार को खंडवा रोड स्थित देवी अहिल्या विश्व विधालय सभाग्रह में आयोजित होगा। इस मौके पर राष्ट्रीय कवि एवं संचालक पं. सत्यनारायण सत्तन का सम्मान कर उन्हें राहत अवार्ड प्रदान किया जाएगा। यह जानकारी अम्मार अंसारी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में दी।**

अम्मार ने बताया कि राहत इंदौरी शहर और देश के नामवर शायर थे, जिन्होंने शायरी और अपने खास अंदाज से इंदौर का नाम पूरी दुनिया में रोशन किया। शहर का उन पर यह कर्ज़ है कि वह अपने उस शायर को याद करें, इन्हीं जज्बात के साथ काफिला मोहब्बत के बैनर तले 17 फरवरी, शनिवार को शाम 7-30 पर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय आडिटोरियम खंडवा रोड पर आयोजित होगा। अंसारी ने बताया कि इस मौके पर इंदौर की ही मशहूर शख्सियत और राष्ट्रीय कवि के रुप में स्थापित पं. सत्यनारायण सत्तन को राहत अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। अम्मार अंसारी ने बताया कि इस कवि सम्मेलन में वसीम बरेलवी,सत्यनारायण सत्तन, मंजर भोपाली, शकील आजमी, मेहशर आफरीदी, नईम अख्तर खादमी,अबरार काशिफ, संपत सरल, शकील जमाली,नदीम फर्रुख,नदीम शाद, नीम फराज, जुबैर अली ताबिश,हिमांशी बाबरा, मुश्ताक एहमद मुश्ताक,आदिल रशीद,सतलज राहत अपना कलाम पढ़ेंगे।

## क्रेडिट कार्ड रिवॉर्ड पॉइंट कैश कराने के नाम ठगी

**इंदौर**। बैंक के कस्टमर केयर का अफसर बनकर इंदौर के एक ग्राहक के खाते से एक लाख रुपए ठग लिए। पीड़ित ने साइबर सेल के बाद मल्हारगंज पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने प्रारंभिक जांच के बाद बैंगलुरु के अकाउंट होल्डर पर केस दर्ज किया है।मल्हारगंज पुलिस के मुताबिक जयंत पुत्र राजेन्द्र भंडारी निवासी दलिया पट्टी ने बताया कि 25 जनवरी को उनके मोबाइल पर एक कॉल आया। फोन करने वाले ने खुद को एक्सिस बैंक का अधिकारी बताया। कहा कि आपके क्रेडिट कार्ड के रिवॉर्ड पॉइंट को कैश में कन्वर्ट कर दूंगा। इसके लिए कॉलर ने प्रोसेस बताई।

# चंचल को स्थिर बनाने की कुंजी गुरु के पास : आचार्य श्री विजयराज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर में पधारे श्वेताम्बर जैनाचार्य श्री विजयराज जी महाराज का अपने शिष्य मंडल के साथ रेस कोर्स क्षेत्र में बिराजमान हैं। आज आचार्य जी के दीक्षाकाल को 51 वर्ष पूर्ण होने पर सभी शिष्यमण्डल और श्रद्धालुओं ने अपने आचार्य के गुणों की अनुमोदना करते हुए गुरु के दीर्घ संयम की शुभकामनाएं अर्पित की।**

बास्केटबॉल काम्प्लेक्स में आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुए उपाध्याय श्री जितेश मुनि जी महाराज ने अपने आचार्य को एक सच्चा गुरु और जीवन परिवर्तित बताते हुए के 51 वर्ष के दीक्षा जीवन की विशेषताओं पर प्रकाश डाला।

आचार्य श्री विजयराज जी महाराज ने अपने शहर बीकानेर में बीते बचपन के दिनों को याद करते हुए फरमाया की बचपन मे चंचल बालक को यदि माता - पिता और सद्गुरु का सानिध्य मिल जाये तो आध्यात्म की ज्योति बचपन से ही हृदय में बस जाती है। अपने गुरु आचार्य श्री नाना लाल जी महाराज के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए आचार्य श्री ने बताया कि उनके अंदर की चंचलता को स्थिरता और गंभीरता में परिवर्तित करके उनके गुरु श्री नाना लाल जी महाराज ने उनके जीवन को एक नई दिया प्रदान की एवं गुरु कृपा से 51 वर्ष पूर्व आचार्य श्री विजयराज जी ने माता - पिता एवं बहन के साथ जैन दीक्षा अंगीकार की।



बास्केटबॉल काम्प्लेक्स में आयोजित धर्मसभा को संदेश देते हुए आचार्य श्री ने फरमाया की जीवन की दशा और दिशा बदलने के लिए देव का आशीर्वाद, गुरु का सानिध्य और धर्म में आस्था अनिवार्य है।

वन्दनीय विरक्ति दीक्षा समिति के श्री दिलीप जी डागलिया ने बताया कि इंदौर में गतिमान पांच दिवसीय दीक्षा महोत्सव के अंतर्गत आज सभा में उपस्तिथ जैन दीक्षा लेने जा रहे चारों युवाओं युवाओं मुमुक्षु सुश्री दीपासना जी चौपड़ा, मुमुक्षु श्री अक्षय जी सहलोत, मुमुक्षु श्री सूरज जी काँकरिया, मुमुक्षु श्री मोहित जी सखलेचा की शगुन की मेहंदी की रस्म पूर्ण हुई। सभी समाजजनों की उपस्थिति में चारों युवाओं को जयकारों के साथ मेहन्दी लगवाई गई।

शांतक्रान्ति जैन संघ के कार्यकारी अध्यक्ष राजकुमार तलेसरा एवं महिला संघ अध्यक्ष श्रीमती आजाद संचेती ने बताया कि 18 फरवरी तक आचार्य श्री के प्रवचन नियमित रूप से प्रातः 9.15 बजे से बास्केटबॉल काम्प्लेक्स में होंगे।

संघ के मीडिया प्रभारी प्रकल्प जैन ने बताया कि आचार्य जी के सानिध्य में दिनांक 18 फरवरी को बास्केटबॉल काम्प्लेक्स मे 4 युवाओं मुमुक्षु सुश्री दीपासना जी चौपड़ा, मुमुक्षु श्री अक्षय जी सहलोत, मुमुक्षु श्री सूरज जी काँकरिया,

मुमुक्षु श्री मोहित जी सखलेचा की भगवती जैन दीक्षा संभावित है। जहाँ ये चार युवा 4 मुमुक्षु सांसारिक मार्ग को त्याग कर भगवान महावीर के बताये हुए वैराग्य मार्ग पर अग्रसित होंगे। शांतक्रान्ति संघ द्वारा 14 फरवरी से 18 फरवरी तक पंच दिवसीय दीक्षा महोत्सव आयोजित किया जा रहा है जिसके अंतर्गत वरघोड़ा, मेहंदी, भक्ति संध्या आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में दिनांक 16 फरवरी को दिन में 1 बजे बास्केटबॉल काम्प्लेक्स में दिन में 1 बजे चौबीसी मंगल गीत एवं धार्मिक तंबोला का आयोजन रखा गया है।

## जिले में 27 फरवरी 2024 से लगेगी जापानी बुखार की वैक्सीन

इंदौर। बच्चों के स्वास्थ्य के क्षेत्र में स्वास्थ विभाग एक और नई इबारत लिखने जा रहा है। ह्यजापानी बुखारह्न से बच्चों को बचाने के लिए 27 फरवरी 2024 से टीकाकरण सारणी में एक और नया टीका जुड़ रहा है, वह है जे.ई. (जापानी एन्सेफलाइटिस)।

यह अभियान इन्दौर सहित प्रदेश के चार जिलों में शुरू किया जाएगा। जिसमें इंदौर सहित भोपाल, सागर एवं नर्मदापुरम सम्मिलित है। इसके पूर्व विदिशा एवं रायसेन जिले में यह अभियान चलाया जा चुका है। जहाँ अब नियमित टीकाकरण में भी यह टीका दिया जाने लगा है। ह्यजापानी बुखारह्न के सर्वाधिक प्रकरण उत्तर प्रदेश से सामने आए हैं। मध्यप्रदेश में भी ह्यजापानी बुखारह्न के प्रकरण रिपोर्ट किए जा चुके हैं। अभियान के अंतर्गत यह टीका 01 से 15 साल के आयु वर्ग के बच्चों को लगाया जाएगा। जैसा कि नाम से ही स्पष्ट है कि यह जापानी दिमागी बुखार है, इससे संक्रमित होने पर बच्चे को झटके आते है, बेहोशी होती है और अत्यंत गंभीर स्थिति में मृत्यु भी हो जाती है।

इस वायरल बीमारी से बचने का सबसे सुरक्षित उपाय टीकाकरण है। प्रारंभ में सभी टीकाकरण केन्द्रों पर सामुदायिक स्तर पर टीकाकरण किया जाएगा और फिर नियमित टीकाकरण सारणी में यह टीका जुड़ जाएगा। इसके साथ ही पहले टीकाकरण के माध्यम से बच्चों को 11 बीमारियों से सुरक्षा मिलती थी, जो अब बढ़कर 12 बीमारियों से सुरक्षा मिलेगी।

# श्री श्रीविद्याधाम पर मंदिर का प्रकाशोत्सव

## मां पराम्बा भगवती का 16 फरवरी को नौका विहार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम पर मंदिर के प्रकाशोत्सव के अंतर्गत शुक्रवार को सुबह 9.30 बजे आश्रम के संस्थापक ब्रह्मलीन महामंडलेश्वर स्वामी गिरिजानंद सरस्वती ह्यभगवनह्न के विग्रह के प्रकाशोत्सव पर पादुका पूजन, षोडशोपचार पूजन, अभिषेक एवं आरती को आयोजन होंगे। ह्यभगवनह्न को पुष्पांजलि समर्पित करने के लिए देशभर में फैले उनके शिष्य इंदौर आए हुए हैं। संध्या को 6 बजे से मां पराम्बा ललिता महात्रिपुर सुंदरी आश्रम परिसर में नौका विहार करेंगी।**

आश्रम परिवार के यदुनंदन माहेश्वरी, पं. दिनेश शर्मा एवं राजेन्द्र महाजन ने बताया कि आश्रम पर चल रहे प्रकाशोत्सव में ललिताम्बा महायज्ञ सहित अनेक विशिष्ट अनुष्ठान जारी हैं। आश्रम के 31 विद्वान प्रतिदिन महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सान्निध्य एवं आचार्य पं. राजेश शर्मा के निर्देशन में ललिता सहस्त्र नामावली से आहुतियां समर्पित कर रहे हैं। ब्रह्मलीन महामंडलेश्वर एवं आश्रम के संस्थापक स्वामी गिरिजानंद सरस्वती ह्यभगवनह्न की प्रेरणा से भगवती के एक हजार नामों से ललिताम्बा महायज्ञ में प्रतिदिन सह्रहमख आहुतियां समर्पित की जा रही हैं। नर्मदा जयंती पर सायं 6 बजे से मां पराम्बा ललिता महात्रिपुर सुंदरी के नौका विहार की जीवंत झांकी के दर्शन होंगे। आश्रम परिसर में ही नौका विहार के लिए सुंदर झांकी का निर्माण किया जा रहा है, जहां सायं 6 बजे से भक्तों को दर्शन प्रारंभ होंगे।

### मां निकलेगी भक्तों को दर्शन देने

महाष्टमी 17 फरवरी को मां अपने भक्तों को दर्शन देने नगर भ्रमण पर निकलेंगी। सायं 5 बजे सुसज्जित रथ में सवार होकर मां आश्रम परिसर से कान्यकुब्ज नगर, 60 फीट रोड होते हुए सुखदेव नगर मेनरोड से कालानी नगर चौराहा होते हुए पुनः आश्रम पहुंचेगी। एक रथ पर पूज्य ह्यभगवनह्न की प्रतिमा भी सुशोभित रहेगी। सायं 6 बजे 56 भोग के दर्शन होंगे।

### सात हजार किलो फूलों से सजेगा पुष्प बंगला

महानवमी 18 फरवरी को सात क्विंटल फूलों से भव्य मनोहारी पुष्प बंगला श्रृंगारित होगा, जिसमें मां के दिव्य दर्शन होंगे। पुष्प बंगले का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है। प्रतिदिन दस कलाकार पुष्प बंगला तैयार कर रहे हैं। 18 फरवरी को सायं 6 बजे से आम भक्तों को पुष्प बंगले के दर्शन हो सकेंगे। पुष्प बंगले के लिए कुंद, गुलाब, बिजली, आर्केड, गेंदा, डच गुलाब एवं थाईलैंड से बेंगलुरू के रास्ते इंदौर आए कार्नेशियन प्रजाति के फूलों का प्रयोग किया जा रहा है। करीब 13 किस्म के फूल इस पुष्प बंगले में सजाए जाएंगे।

## अवैध शराब के साथ पकड़ाया बदमाश, दोहरे हत्याकांड का है आरोपी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर की हीरानगर पुलिस ने एक बदमाश को पकड़ा है। उसके पास से भारी मात्रा में शराब मिली है। आरोपी ने बाणगंगा इलाके में दोहरे हत्याकांड को अंजाम दिया था। इस हत्याकांड के बाद वह जेल में चले गया। कुछ समय पहले हीरानगर इलाके में एक व्यापारी की गोली मारकर हत्या की गई। दोहरे हत्याकांड में जेल में उस समय बदमाश बंद था। जिसकी मदद को लेकर ही हत्याकांड को अंजाम दिया गया था।**

जेल से छूटने के बाद आरोपी अपनी गैंग को बढ़ाकर हीरानगर हत्याकांड का बदला लेना चाहता था। जिसमें अवैध शराब की तस्करी में जुड गया। दूसरी गैंग उसकी हत्या करने के लिये ढूंढ रही थी। उसके पहले पुलिस के हत्थे चढ़ गया। हीरानगर टीआई पीएल शर्मा ने मंगेश पिता श्रीकांत अकोलकर निवासी 192 ए सेक्टर सुखलिया को पकड़ा है। आरोपी के पास से 60 लीटर से ज्यादा शराब मिली है। आरोपी मंगेश ने अपने साथियों के साथ मिलकर करीब ढ़ाई साल पहले बाणगंगा के करोल बाग में पुलिसकर्मी के बेटे ओर दोस्त की हत्या की थी। इस हत्याकांड का बदला लेने के लिये मंगेश को जेल में मदद पहुंचाने की शंका में हीरानगर में एक साल पहले निखील की हत्या कर दी गई। मंगेश उस समय जेल में था। कुछ दिन पहले वह जमानत पर छूटा। निखील की हत्या में जेल में बंद लालू बिदौरिया ओर विशाल पंवार जो अभी जेल में बंद है उनके साथी बाहर मंगेश की हत्या को लेकर उसे ढूंढ रहे थे। लेकिन अवैध शराब के साथ मंगेश पुलिस के हत्थे चढ़ गया। विशाल ओर मंगेश से जुड़े गुंडों के बीच बाहर गैंगवार की आंशका बनी हुई है।

## इंदौर प्रेस क्लब के वसंतोत्सव में शामिल हुए धर्मगुरु, समाजसेवी और प्रशासनिक अधिकारी

**इंदौर।** वसंत पंचमी के अवसर पर इंदौर प्रेस क्लब में प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी वसंतोत्सव मनाया गया। प्रेस क्लब परिसर में स्थित मंदिर में विराजमान मां सरस्वती का विधि-विधान से पूजन एवं हवन का आयोजन हुआ और परिसर वासंती रंग में सजाया गया। उत्सव में धर्मगुरु, वरिष्ठ पत्रकार, पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी और वरिष्ठ नेतागण शामिल हुए। इंदौर प्रेस क्लब में नियमित दर्शन के लिए काफी लोग इस मंदिर में आते हैं। वसंत पंचमी पर खास रौनक प्रेस क्लब परिसर और मंदिर में रहती है। वसंतोत्सव में आशीर्वाद देने गोंदवले धाम के अधिष्ठाता श्रीराम कोकजे गुरुजी, नाना महाराज संस्था के बाबा साहेब तराणेकर, गजासीन शनिधाम के अधिष्ठाता दादू महाराज, इस्कान मंदिर के महामना दास, संतश्री अमृतफले गुरुजी और ब्रह्मकुमारी संस्थान की उषा दीदी और आस्था दीदी आशीर्वाददाता के रूप में पधारे। इनके अलावा पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन, सांसद शंकर लालवानी, पूर्व मंत्री सज्जनसिंह वर्मा, पूर्व महापौर डॉ. उमा शशि शर्मा, कुलपति डॉ. रेणु जैन, वरिष्ठ पत्रकार कृष्णकुमार अष्ठाना, पुलिस कमिश्नर राकेश गुप्ता, आईजी इंदौर जोन अनुराग, निगमायुक्त हर्षिका सिंह, अपर पुलिस आयुक्त मनोज श्रीवास्तव, अपर पुलिस आयुक्त यातायात मनीष अग्रवाल, एएसपी सीमा अलावा, मनीषा सोनी पाठक, अंजना तिवारी, संयुक्त आयुक्त जनसंपर्क आरआर पटेल विशेष रूप से मौजूद थे।

## बेकाबू होकर डिवाइडर की रेलिंग में घुसा ट्रक, ड्राइवर ने कूद कर बचाई जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** पीथमपुर के सेक्टर एक थाना क्षेत्र में महू-नीमच राजकीय मार्ग पर गुरुवार सुबह एक ट्रक बेकाबू होकर डिवाइडर की रेलिंग में घुस गया। घटना में ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह टूट गया। इस दौरान ड्राइवर ने कूद कर अपनी जान बचाई। जानकारी के अनुसार आज सुबह प्लास्टिक दाना भरकर सेंधवा से पीथमपुर जा रहे ट्रक के अचानक ब्रेक फेल होने से बेकाबू होकर फोर लेन के बीच बने डिवाइडर की रेलिंग में घुस गया। ट्रक करीब बीस फिट रेलिंग तोड़ते हुए रुका। हादसे में ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह टूट गया। इस दौरान ड्राइवर ने कूद कर अपनी जान बचाई। प्रत्यक्षदर्शी रमेश पोखरियाल बताया कि वो सुबह कंपनी में काम के लिए जा रहा था, तभी ट्रक तेजी से डिवाइडर की रेलिंग तोड़ते हुए रुका। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की।

# नर्मदापुरम में होशंग शाह की दरगाह के अस्तित्व पर सवाल

## पूर्व नपा अध्यक्ष बोले- संत रामजी बाबा से दोस्ती झूठी, चादर चढ़ाने की परंपरा गलत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नर्मदापुरम। नर्मदापुरम शहर में संत रामजी बाबा - होशंग शाह गौरी बाबा की दोस्ती और कौमी एकता की मिसाल के लिए चढ़ाई जाने वाली चादर परंपरा पर सवाल उठाया गया है। नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष व भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक अखिलेश खंडेलवाल ने चादर चढ़ाने की परंपरा को झूठा बताया। उन्होंने मजार और गौरी शाह - रामजी बाबा की दोस्ती पर भी सवाल उठाए। खंडेलवाल ने बुधवार को सतरास्ते स्थित हनुमान मंदिर में दश विधि स्नान, पंचगव्य प्रासन, हेमाद्रि प्रायश्चित यज्ञ किया। उन्होंने कहा, ह्ववैशाख पूर्णिमा पर मेला लगता है। इसके शुभारंभ अवसर पर रामजी बाबा की समाधि से गौरी शाह बाबा की दरगाह तक यात्रा निकालकर चादर चढ़ाने की परंपरा है। यह झूठी परंपरा 25 साल से चली आ रही है। 2014 - 2019 में नपा अध्यक्ष रहते हुए इस परंपरा के मैंने भी निभाया, इसलिए हनुमानजी के दरबार में प्रायश्चित यज्ञ किया।**



**दोनों समकालीन थे ही नहीं-** खंडेलवाल ने कहा, ह्यसंत रामजी बाबा और गौरी शाह समकालीन थे ही नहीं, तो इनकी दोस्ती का सवाल ही नहीं उठता है। होशंग शाह गौरी सन् 1400 में थे और रामजी बाबा का समयकाल सन् 1600 का है। जिस मजार पर चादर जाती है, अब तो उसके अस्तित्व पर ही प्रश्न है।

**वाणी भाष्य पुस्तक में बालागंज में बताई मजार-** माघ की पूर्णिमा को रामजी बाबा की समाधि स्थल पर उनकी स्मृति में मेला लगता है। उन पर लिखी गई पुस्तक ह्ववाणी भाष्य में कहीं भी राम जी बाबा ने गौरी शाह की दरगाह पर चादर चढ़ाने का जिक्र नहीं किया है। हालांकि, पुस्तक में गौरी शाह से रामजी बाबा की दोस्ती का जिक्र जरूर मिलता है। लिखा है- दोनों में बड़ा स्नेह था। एक-दूसरे के यहां आना-जाना था। गौरी शाह की दरगाह बालागंज मोहल्ले में होना बताया गया है। जबकि, दरगाह रेलवे ट्रैक के दूसरी ओर ग्वालटोली में है।

**सेवादार बोले- दरगाह 600 साल पुरानी, बालागंज ज्यादा दूर नहीं-** दरगाह पर असगर शाह सेवा कर रहे हैं। उनके भाई चांद ने बताया कि दरगाह पर खिदमत करते हुए हमारे परिवार की 10 पीढ़ी गुजर गई। हम 11वीं पीढ़ी के हैं। उनका कहना है कि बालागंज से दरगाह का क्षेत्र ज्यादा दूर नहीं है। केवल रेलवे ट्रैक का फर्क है। दरगाह करीब 600 साल पुरानी है। उस समय तो रेलवे ट्रैक नहीं था। 600 साल पहले शहर भी छोटा हुआ करता था।

**नगर पालिका कराती है चादर चढ़ाने का आयोजन-**रामजी बाबा समाधि से दरगाह पर चादर चढ़ाने का आयोजन नगर पालिका की ओर से होता है। दरगाह की रंगाई - पुताई भी पालिका कराती है। चादर चढ़ाने की परंपरा पर उठ रहे सवाल को लेकर नगर पालिका सीएमओ नवनीत पांडे ने कहा, परिषद और अध्यक्ष जो भी निर्णय लेंगे, वैसा किया जाएगा।

खंडेलवाल बोले- चुनरी यात्रा निकालें नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष अखिलेश खंडेलवाल ने कहा, ह्यनगर और जिला प्रशासन से मेरा आग्रह है कि इतिहास के आधार पर चादर चढ़ाने की परंपरा की जांच करें। अगर गलत है तो उस परंपरा को बंद करें। जो सही व्यक्ति है, उसकी मजार पर चादर ले जाकर चढ़ाने का प्रयास करें। यही उनकी दोस्ती को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। चादर यात्रा बंद कर मां नर्मदा तक चुनरी यात्रा निकाली जानी चाहिए। पिछले साल मेले के शुभारंभ पर चादर चढ़ाने के लिए यात्रा निकाली गई थी।

# युवक को बेहोश होने तक डंडे से पीटा

## →उज्जैन में आरोपी ने चेहरे पर लातें मारी, बाइक में की तोड़फोड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन** । उज्जैन में एक युवक को बेहोश होने तक पीटने के दो वीडियो सामने आए हैं। ये वीडियो नीलगंगा थाना क्षेत्र के शांति नगर के आसपास के बताए जा रहे हैं। कब के हैं, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। इसे लेकर पुलिस का कहना है कि कोई शिकायत नहीं आई है। एक वीडियो में दिख रहा है कि युवक को आरोपी डंडे से बुरी तरह पीट रहा है। युवक उसके पैर छूता है। छोड़ देने की गुहार लगा रहा है। लेकिन, आरोपी उसे पीटना जारी रखता है। उसकी पीठ, हाथ, पैर पर ताबड़तोड़ डंडे मारता है। पिटाई से युवक अधमरा होकर जमीन पर गिर जाता है। दूसरे वीडियो में आरोपी अधमरे पड़े युवक को पीटना जारी रखता है। उसे घसीटकर सड़क पर ले जाता है। चेहरे और प्राइवेट पार्ट पर लात मारता है। इसके बाद मौके पर खड़ी बाइक में भी तोड़फोड़ करता दिख रहा है।

आरोपी कहता सुनाई दे रहा है, आज तक मेरे घर के सामने कोई नहीं आया, तेरी कैसे हिम्मत हुई घर आने की...।

एसपी गुरु प्रसाद पराशर ने कहा कि वीडियो की जांच कर रहे हैं। दोषी पर कार्रवाई करेंगे। नीलगंगा पुलिस ने बताया कि अब तक किसी ने भी मामले की शिकायत नहीं की है।

# निगम-मंडलों के अध्यक्ष हटते ही मंत्रियों ने संभाली कमान

## मंत्री राकेश शुक्ला, टेटवाल और जायसवाल ने निगमों का पदभार संभाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** सीएम डॉ. मोहन यादव लगातार पूर्ववर्ती शिवराज सरकार के कई फैसलों को बदलते जा रहे हैं। मंगलवार को सीएम मोहन यादव ने शिवराज सरकार में नियुक्त किए गए निगम, मंडल, प्राधिकरणों के अध्यक्ष, उपाध्यक्षों को हटा दिया। सीएम के इस फैसले के बाद अब मंत्रियों ने निगम, मंडल और प्राधिकरणों का चार्ज लेना शुरू कर दिया है। इसकी शुरूआत नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने की है।

**ऊर्जा विकास निगम के अध्यक्ष का चार्ज संभाला-** नवकरणीय ऊर्जा मंत्री ने बुधवार दोपहर करीब एक बजे लिंक रोड नंबर दो पर स्थित ऊर्जा विकास निगम के अध्यक्ष का पदभार संभाला। ब्राह्मणों ने पूजा, अर्चना कराकर उन्हें पदभार ग्रहण कराया।

मप्र सरकार के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल ने बुधवार को मप्र संत रविदास हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम एवं मप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष का कार्यभार ग्रहण किया। मप्र शासन ने बुधवार को ही इस संबंध में आदेश जारी किए और उसके कुछ ही घंटे बाद मंत्री ने बोर्ड के अध्यक्ष का पदभार संभाल लिया। कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल ने मध्यप्रदेश राज्य कौशल विकास एवं रोजगार निर्माण बोर्ड भोपाल की कार्यकारिणी के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया

**मंत्री टेटवाल ने रोजगार निर्माण बोर्ड अध्यक्ष का चार्ज लिया-** बुधवार को कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल ने मध्यप्रदेश राज्य कौशल विकास एवं रोजगार निर्माण बोर्ड भोपाल की कार्यकारिणी के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। मंगलवार को सरकार ने निगम, मंडलों के 46 अध्यक्ष उपाध्यक्षों को हटाया मंगलवार देर रात प्रदेश के 46 निगम, मंडल और प्राधिकरणों के अध्यक्ष और उपाध्यक्षों की नियुक्तियां निरस्त कर दी गईं। इन सभी को कैबिनेट और राज्यमंत्रियों का दर्जा प्राप्त था। माना जा रहा है कि अब लोकसभा चुनाव के बाद नए सिरे से इन पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी।

**अब लोकसभा चुनाव के बाद ह्यएडजस्ट किए जाएंगे नेता-** अगले तीन महीने में लोकसभा चुनाव होने हैं। सूत्रों का कहना है कि इसके बाद ही मोहन सरकार निगम, मंडल और प्राधिकरणों में अध्यक्ष और उपाध्यक्षों की नियुक्ति करेगी। जो नेता लंबे समय से उपेक्षित चल रहे हैं, उनको भी एडजस्ट किया जा सकता है। ऐसे भी नेताओं को मौका दिया जा सकता है, जो मजबूत दावेदार होने के बाद भी विधानसभा चुनाव में टिकट नहीं हासिल कर पाए थे।

# ड्रग इंस्पेक्टर बन जांच करने पहुंचा रिटायर्ड चपरासी

## मेडिकल संचालक से मांगे 50 हजार; पकड़कर पुलिस को सौंपा, फिर भी नहीं हुई एफआइआर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। ड्रग विभाग का रिटायर्ड चपरासी ओपी शर्मा फर्जी ड्रग इंस्पेक्टर बनकर मेडिकल स्टोर की जांच करने पहुंच गया।**

भोपाल के बागसेवनिया इलाके में स्थित ईश्वर मेडिकल स्टोर पर मंगलवार की सुबह ड्रग विभाग का रिटायर्ड चपरासी पहुंच गया। वह स्वयं को ड्रग इंस्पेक्टर बताते हुए दुकान का इंस्पेक्शन कराने की मांग करने लगा। संचालक ने उससे आईडी कार्ड मांगा तो वह ताले लगवाने की धौंस देने लगा।

यही नहीं कार्रवाई का डर बताकर उसने 50 हजार रुपए की मांग भी कर दी। संदेह होने पर दुकान के संचालक ने उस फर्जी ड्रग इंस्पेक्टर को पुलिस के हवाले कर दिया। थाने में शिकायत भी की गई है, लेकिन पुलिस ने एफआइआर दर्ज नहीं की। थाना प्रभारी का कहना है कि दोनों पक्षों ने समझौता कर लिया है।



### मेडिकल संचालक से जानिए पूरा घटनाक्रम

आशुतोष कुमार के मुताबिक वह एम्स गेट नंबर दो के सामने ईश्वर मेडिकल स्टोर का संचालन करते हैं। मंगलवार की सुबह 11:30 बजे उनकी दुकान पर ड्रग डिपार्टमेंट का रिटायर्ड चपरासी पहुंचा। उसने स्वयं को ड्रग डिपार्टमेंट का इंस्पेक्टर बताया और दुकान का इंस्पेक्शन कराने की बात कही। उनकी उम्र को देख उस पर संदेह हुआ, तब उनसे आई कार्ड दिखाने की मांग की। उन्होंने नियमों में उलझाकर दुकान में ताले लगवाने की बात कही। इसके बाद आई कार्ड दिखाने से साफ इनकार कर दिया। 15 दिन पहले हुई है मेडिकल स्टोर की ओपनिंग

आशुतोष का कहना है कि हमारी दुकान 15 दिन पहले ही शुरू की गई है। ऐसे में आरोपी ने कहा कि दुकान शुरू कर ली और कुछ दिया भी नहीं। इसके बाद 50 हजार रुपए की मांग की। फर्जी ड्रग इंस्पेक्टर होने के संदेह में हमने पुलिस को कॉल कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे हिरासत में लिया। हमने उस पर कार्रवाई के लिए थाने में शिकायती आवेदन दिया है। पुलिस ने अब तक एफआइआर दर्ज नहीं की है। ओपी शर्मा को पुलिस ने छोड़ भी दिया है।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी बच्चों-महिलाओं समेत 12 से ज्यादा घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शाजापुर।** दुपाड़ा गांव में ट्रैक्टर - ट्रॉली पलटने से 12 से ज्यादा लोग घायल हो गए। हादसा गुरुवार सुबह हुआ। घायलों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। सभी बज्जाहेड़ा से पचेटी माता पूजन के लिए जा रहे थे। दुपाड़ा के टर्न पर कार को साइड देने में ट्रॉली पलट गई। ट्रॉली में 40 से ज्यादा लोग सवार थे। घायलों को जिला अस्पताल लाया गया है।

# आदिवासी युवक को पीटने वाले के घर पर चला बुलडोजर

**बैतूल।** आदिवासी युवक को नंगा करके पीटने वाले आरोपी का घर जमींदोज कर दिया गया। प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस की मौजूदगी में बुधवार दोपहर उसके मकान पर बुलडोजर चलाया गया। मामला करीब 3 महीने पुरानी घटना से जुड़ा है। 5-6 आरोपियों ने युवक को पूरे कपड़े उतारकर पहले तो छत से उल्टा लटकाया, फिर बेल्ट-डंडों से जमकर पीटा।

New Delhi

# लोग अपने घरों में बेहोश होकर गिर रहे थे... संकरी गली की पेंट फैक्ट्री में लगी आग का भयावह था मंजर, 11 लोगों की मौत

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली के अलीपुर मार्केट में एक पेंट फैक्ट्री में गुरुवार शाम भीषण आग लग गयी. बेहद संकरे इलाके में स्थित इस पेंट फैक्ट्री में हादसे के वक्त मजदूर काम कर रहे थे जो आग लगने के बाद बाहर नहीं निकल पाए. मरने वालों की संख्या 11 हो गयी है. आग इतनी भयानक थी कि लपटें दूर तक नजर आ रही थीं. आग लगते ही इलाके में अफरा तफरी मच गयी.

आसपास की दुकानें और कुछ घर भी आग की चपेट में आए हैं. आशंका है कि मजदूरों के अलावा भी कुछ लोग मारे गए हैं. अभी तक मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है. देर रात तक आग बुझाने का काम जारी रहा और सुबह दमकल की टीम ने सुबह में आग पर काबू पाया.



फायर ब्रिगेड की गाडियों के आने से पहले आग इतना विकराल रुप अख्तियार कर चुकी थी कि अलीपुर के बाजार से भी आग की ऊंची लपटें देखी जा रही थीं. आग के बाद धुएं का गुबार कई किलोमीटर दूर तक देखा जा सकता था. आग लगने की घटना के बाद आसपास के घरों में धुआं भरने से लोग बेहोश हो गए. पास की बिल्डिंग से 3 घायलों को भी एलएनजेपी अस्पताल रेफर किया गया है.

फायर ब्रिगेड की 22 गाडियों ने कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक 11 लोग मारे जा चुके थे. अलीपुर के साथ-साथ केशव नगर और इब्राहिमपुर में भी कई केमिकल गोदाम बने है. लेकिन इस पूरे इलाके में आग से निपटने के पुख्ता इंतजाम नहीं है.

Manipur

## मणिपुर में फिर भड़की हिंसा, 2 की मौत... 42 से अधिक घायल,

**भीड़ ने SP और DM ऑफिस पर बोला धावा**



**इंफाल, (एजेंसी)** मणिपुर के चुराचांदपुर में गुरुवार देर एक बार फिर हिंसा भड़क गई. उग्र भीड़ ने पुलिस अधीक्षक और जिला कलेक्टर कार्यालयों पर धावा बोल दिया. सुरक्षा बलों ने भीड़ को काबू करने के लिए फायरिंग की, जिसमें कम से कम दो लोग मारे गए और 42 लोग घायल हो गए. हिंसा के ताजा मामलों के बाद राज्य सरकार ने कुकी-बाहुल्य चुराचांदपुर जिले में इंटरनेट सेवा पांच दिनों के लिए सस्पेंड कर दिया है. मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों के मुताबिक भीड़ ने मिनी सचिवालय के नाम से जाने जाने वाले कॉम्प्लेक्स के पास खड़े सुरक्षा बलों के वाहनों के साथ-साथ कलेक्टर के आवास को भी जला दिया गया. चुराचांदपुर में इंटरनेट सेवाओं पर रोक लगाने संबंधी आदेश पर संयुक्त सचिव (गृह) मायेंगबाम वीटो सिंह ने कहा, 'असामाजिक तत्व सोशल मीडिया का उपयोग जनता की भावनाएं भड़काने के लिए कर सकते हैं और कानून-व्यवस्था की स्थिति को प्रभावित कर सकते हैं. जीवन की हानि, सार्वजनिक/निजी संपत्ति को नुकसान और सार्वजनिक शांति और सांप्रदायिक सद्भाव में व्यापक गड़बड़ी के आसन्न खतरे को देखते हुए इंटरनेट सेवाओं पर अस्थायी प्रतिबंध लागू किया गया है'. मणिपुर पुलिस ने ताजा हिंसा में मारे गए लोगों की संख्या पर टिप्पणी नहीं की है. चुराचांदपुर जिला अस्पताल के एक अधिकारी ने कहा कि दो लोगों की मौत गोली लगने से हुई, जबकि एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए.

Paschim bangal

## शेर के बाड़े में लगाई थी छलांग, अब पत्नी का कटा सिर हाथ में लेकर नाचता मिला शख्स

**कोलकाता, (एजेंसी)** पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक शख्स ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी और फिर कटा हुआ सिर हाथ में लेकर पार्क में घंटों नाचता रहा। आरोपी की पहचान गौतम गुच्छेत के रूप में हुई है जो कि चिश्तीपुर का रहने वाला है। बता दें कि 2001 में गुच्छेत ने ही अलीपुर चिड़ियाघर में शेर के बाड़े में छलांग लगा दी थी। मशक्कत के बाद उसे बचाया जा सका था। हालांकि वह काफी घायल हो गया था।

पुलिस ने बताया कि बुधवार सुबह लोगों ने बताया कि एक शख्स पार्क में कटा हुआ सिर लेकर नाच रहा है। इसके बाद वह करीब आधा घंटा पार्क की बेंच पर बैठा रहा। आसपास के लोग उसे देखकर काफी डर गए थे। इसलिए लोगों ने पुलिस को जानकारी दी। पुलिस मौके पर पहुंच और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि आरोपी मानसिक रूप से विक्षिप्त है। उसकी पत्नी का नाम फूलरानी था। महिला के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया।

Bihar

## दरभंगा में मूर्ति विसर्जन के दौरान दो पक्षों में बवाल पुलिस पर उपद्रवियों का पथराव, कई लोग घायल

दरभंगा, (एजेंसी) दरभंगा के भालपट्टी ओपी क्षेत्र के मुरिया में **गुरुवार की शाम सरस्वती प्रतिमा विसर्जन के दौरान दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गयी। इस दौरान जमकर पत्थरबाजी भी हुई। इसमें कई लोग चोटिल हो गए। पत्थरबाजी में पुलिस के कुछ जवानों को भी चोटें आई हैं। इस दौरान कई घरों और दुकानों में लूटपाट करने की भी बात कही जा रही है। सूचना मिलने पर कई थानों से बड़ी संख्या में पुलिस बल और अर्द्धसैनिक बल के जवान मौके पर पहुंचे।**

डीएम राजीव रौशन, एसएसपी जगुनाथ रेड्डी जलारेड्डी व कई प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थानीय लोगों और शांति समिति के सदस्यों से बात कर लोगों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। खबर लिखे जाने तक डीएम व एसएसपी सहित सभी पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर ही थे। डीएम ने कहा कि मूर्ति विसर्जन के रास्ते को लेकर दो गुटों में विवाद शुरू हुआ।

इस दौरान हुई पत्थरबाजी में पुलिस जवानों समेत कई लोगों को चोटें भी लगी है। मौके पर एंबुलेंस को भी बुलाया गया है, पर किसी को अस्पताल भेजने की की स्थिति नहीं है। इस दौरान कुछ घरों और दुकानों को नुकसान पहुंचाया गया है। उन्होंने कहा कि उपद्रव में शामिल लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही भविष्य में इस तरह की घटना न हो, इसके लिए भी आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

खेल

# राजकोट में फिर चला जडेजा का बल्ला, करियर का जड़ा चौथा शतक

**→कपिल देव और अश्विन के क्लब में शामिल**

**राजकोट।** भारत के ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने अपने घरेलू मैदान राजकोट में शानदार शतक लगाया। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के तीसरे मुकाबले में बड़ी उपलब्धि हासिल की। जडेजा ने मैच के पहले दिन गुरुवार (5 फरवरी) को नाबाद 110 रन बनाए। यह टेस्ट करिय में उनका चौथा शतक है। जडेजा ने अब तक 212 गेंदों का सामना किया है। इस दौरान उनके बल्ले से नौ चौके और दो छक्के निकले हैं।

राजकोट में शतक लगाकर जडेजा ने एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली। वह टेस्ट क्रिकेट में तीन हजार रन बनाने के साथ-साथ कम से कम 200 विकेट लेने वाले तीसरे भारतीय खिलाड़ी हैं। उनसे पहले पूर्व कप्तान कपिल देव और




रविचंद्रन अश्विन ऐसा कर चुके हैं। कपिल देव ने अपने टेस्ट करियर में 5248 रन बनाए। उन्होंने गेंदबाजी में कमाल करते हुए 434 विकेट झटके। अश्विन की बात करें तो उन्होंने 3271 रन बनाने के साथ-साथ 499 विकेट लिए हैं। जडेजा के खाते में 3003 रन और 280 विकेट हैं।

### राजकोट में जडेजा का दूसरा टेस्ट शतक

जडेजा ने एक जुलाई 2022 के बाद टेस्ट में पहला शतक लगाया है। करियर में उनका यह चौथा सैकड़ा है। वहीं, राजकोट में उन्होंने सात साल से ज्यादा समय बाद शतक लगाया है। पिछली बार अक्तूबर 2018 में उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ नाबाद 100 रन बनाए थे।

### प्रथम श्रेणी में सुपरहिट रिकॉर्ड

राजकोट में जडेजा का रिकॉर्ड प्रथम श्रेणी क्रिकेट में शानदार है। उन्होंने इस मैदान पर छठा शतक लगाया है। इस मैदान पर उनका यह 12वां मैच है। 17 पारियों में जडेजा ने 1564 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका औसत 142.18 का रहा है। जडेजा ने छह शतक और चार अर्धशतक लगाए हैं। उनका उच्चतम स्कोर 331 रन है।

सिनेमा

## एल्विश यादव की बढ़ेगी मुश्किल, FSL रिपोर्ट में खुलासा, रेव पार्टी में इस्तेमाल होता था सांपों का जहर



बिग बॉस ओटीटी 2 के विनर और यूट्यूबर एल्विश यादव लगातार कंट्रोवर्सी में बने हुए हैं. पिछले साल यूट्यूबर सांप के जहर की सप्लाई करने और रेव पार्टी के मामले में बुरे फंसे थे. नोएडा पुलिस ने एल्विश समेत सपेरों के खिलाफ केस दर्ज किया था. 5 लोग गिरफ्तार हुए थे. एल्विश से पूछताछ भी हुई थी. अब FSL जांच में बड़ा खुलासा हुआ है. नोएडा पुलिस ने सपेरों के कब्जे से बरामद हुए सांपों के जहर को जांच के लिए FSL लैब भेजा था. इसकी रिपोर्ट अब आ गई है. FSL जांच में बड़ा खुलासा हुआ है. इसके मुताबिक, कोबरा करैत प्रजाति के सांपों का जहर पाया गया है. FSL रिपोर्ट सामने आने के बाद एल्विश यादव की मुश्किलें बढ़ सकती हैं. मामला पिछले साल का है. NGO पीएफए (मेनका गांधी की संस्था पीपल्स फॉर एनिमल्स) ऑर्गेनाइजेशन के एनिमल वेलफेयर ऑफिसर गौरव गुप्ता ने नोएडा पुलिस को एल्विश यादव के खिलाफ शिकायत की गई थी. FIR में लिखा था कि एल्विश जिंदा सांपों के साथ दिल्ली एनसीआर के फार्म हाउस में वीडियो शूट कराता है. गैरकानूनी रूप से रेव पार्टियों में इन सांपों और उनके जहर का इस्तेमाल होता है. रेव पार्टियों में विदेशी लड़कियों के शामिल होने की बात भी सामने आई.

# संपादकीय

## महामारी के विरुद्ध नए कानून की जरूरत

इसमें कोई दोराय नहीं कि जब दुनिया भर में कोरोना विषाणु से उपजी महामारी की चुनौती खड़ी हुई थी तब देश में इसका सामना करने के लिए सरकार ने यथासंभव प्रयास किए। मगर उस दौरान कानूनी तौर पर कुछ सीमाएं भी उजागर हुईं, जिसकी वजह से हालात का सामना करने में कुछ अड़चनें पेश आईं। हालांकि सरकार ने जरूरत के मुताबिक कुछ नए कानूनी उपाय भी किए, मगर भविष्य में वैसी स्थिति से निपटने के लिए और बेहतर व्यवस्था की जरूरत पड़ सकती है। शायद यही वजह है कि विधि आयोग ने महामारी रोग अधिनियम में कुछ 'अहम खामियों' को चिह्नित करते हुए सरकार से सिफारिश की है कि या तो मौजूदा कमियों को दूर करने के लिए कानून में संशोधन किया जाए या फिर भविष्य की महामारियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए एक व्यापक कानून लाया जाए। हालांकि आयोग का मानना है कि महामारी के दौरान सरकार तेजी से बदलते हालात में तुरंत काम कर रही थी, मगर यह महसूस किया गया कि कुछ नए कानूनों के जरिए संकट से बेहतर तरीके से निपटा जा सकता था। यों जब वैश्विक स्तर पर कोरोना को महामारी घोषित किया गया था, तब उसके विषाणु के संक्रमण के प्रसार को रोकने के मकसद से समूचे देश में 'सामाजिक दूरी' बनाए रखने से लेकर मास्क लगाने जैसे नियम लागू किए गए थे। संक्रमण का जोर ज्यादा होने पर आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत पूर्णबंदी भी लगाई गई थी। मगर इस दौरान अपनाए गए उपायों और शब्दावली की परिभाषा स्पष्ट नहीं थी। उसी उथल-पुथल भरे दौर में खासतौर पर स्वास्थ्यकर्मियों के सामने आने वाली चुनौतियों के मद्देनजर सन 2020 में महामारी रोग अधिनियम, 1897 में संशोधन किया गया था। मगर वे संशोधन कम पड़ गए और कई कमियां कायम रहीं। पिछले कुछ समय से दुनिया भर में भविष्य में आने वाली महामारियों को लेकर जिस स्तर की चिंता जाहिर की जा रही है, उसमें वैसे हालात से निपटने के लिए पूर्व तैयारी वक्त का तकाजा है। इस संदर्भ में वैश्विक स्तर पर होने वाली पहलकदमियों में सहभागिता करते हुए देश और आम नागरिकों के अधिकारों का भी ध्यान रखने की जरूरत है।

**Quote...**

"Life is never fair, and perhaps it is a good thing for most of us that it is not.'

-Oscar Wilde

॥ॐ॥
MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**मनुष्य जीवन सबसे बड़ा चमत्कार है।**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

**महिला जगत**

# गजल अलख : मां बनने के बाद आया महिला को ऐसा आइडिया, जिसने बना दिया देश की प्रतिष्ठित उद्यमी



गजल अलख मां और बच्चे के लिए सुरक्षित, प्राकृतिक और पर्यावरण के अनुकूल उत्पाद बनाने वाली एक पर्सनल केयर उद्योग को देश की सबसे प्रतिष्ठित कंपनियों की श्रेणी में लाने का श्रेय गजल अलख को जाता है। गजल अलख उद्यमी महिला हैं जो भारत की एक प्रतिष्ठित कंपनी की सीईओ और सह-संस्थापक हैं। उद्यमिता के दायरे से आगे बढ़कर कारोबार की जिम्मेदारी को आगे बढ़ाने में गजल अलख का योगदान रहा। गजल अलख को टीवी शो शार्क टैंक इंडिया में बतौर निवेशक भी देखा जा चुका है। आइए जानते हैं कि इस महिला उद्यमी के बारे में।

### जीवन परिचय

गजल अलख का जन्म 2 सितंबर 1988 में चंडीगढ़ हरियाणा में हुआ था। सामान्य मध्यमवर्गीय परिवार में जन्मी गजल अलघ के पिता का नाम कैलाश साहनी है और माता का नाम सुनीता साहनी है। गजल का एक भाई है, जिनका नाम चिराग साहनी है और बहन साहिबा चौहान है।

### शिक्षा

उन्होंने 2010 में पंजाब विश्वविद्यालय से कंप्यूटर एप्लीकेशन में बैचलर डिग्री प्राप्त की और वर्ष 2013 में उन्होंने समर इंटर्नशिप कोर्स इन मॉडर्न आर्ट इन डिजाइन एंड एप्लाइड आर्ट्स किया। इसी वर्ष गजल ने न्यूयॉर्क एकेडमी आफ आर्ट से इंटेंसिव कोर्स इन फिगरेटिव आर्ट की पढ़ाई की। इस दौरान 2011 में उनकी शादी वरुण अलघ से हो गई।

### करियर

उन्होंने अपने करियर की शुरुआत एक कॉरपोरेट ट्रेनर के रूप में की। 2008 से 2010 तक पढ़ाई के दौरान ही गजल ने एनआईआईटी लिमिटेड चंडीगढ़ में काम किया। 2012 में एक वेबसाइट शुरू की, जहां लोगों को उम्र और वजन के हिसाब से डाइट प्लान बताया जाता था। कला में रूचि रखने वाली गजल अलख की रचनाओं का प्रदर्शन राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हुआ और वह देश की शीर्ष 10 महिला कलाकारों की सूची में शामिल हैं।

### कैसे बनी उद्यमी

गजल अलख ने पति विरुण अलघ के साथ मिलकर कंपनी की शुरुआत की। उन्हें इस कंपनी और उत्पाद का विचार उनके पहले बच्चे के जन्म के बाद मिला। उन्होंने अपने बच्चे के लिए रसायन मुक्त प्रोडक्ट्स की तलाश शुरू की तो उन्हें भारत में आसानी से ऐसा कोई उत्पादन नहीं मिला, विदेश से प्रोडक्ट के आयात में समय और पैसा दोनों ही अधिक लगता रहा। शिशुओं और माताओं के लिए इस उत्पादन की आवश्यकता को महसूस करने के लिए कंपनी बनाने का फैसला लिया। बेबी केयर उत्पादों के लिए एक ब्रांड के रूप में कंपनी की शुरुआत हुई थी, जो बाद में वयस्कों के पर्सनल केयर प्रोडक्ट में वैरायटी लेकर आया और देखते ही देखते पांच साल में कंपनी के 500 शहरों में पांच मिलियन से अधिक ग्राहक बन गए।

## Highlights

1. **Missing Since 2013, woman wake up after 11-year coma in Kolkata**
2. **Government-farmer leaders meeting ends; discussion positive**
3. **Bombay HC: necessary to disclose incurable disease before marriage**
4. **80-yr-old man forced to walk due to wheelchair unavailability at Mumbai airport; dies**
5. **CM urges end to Maratha reservation protest fast.**

# Tata Group mulls spinoff of battery business Agratas for potential IPO

**NEW DEIHI, (Agency).** Tata Group is considering a potential spinoff of its battery business, according to people familiar with the matter, as the Indian conglomerate expands its foray in the country's renewable-energy and electric-vehicle sectors.

Tata is in the early stage of discussions about eventually breaking out Agratas Energy Storage Solutions Pvt as an independent unit, the people said, asking not to be identified because the matter is private. Such a structure would allow the battery business to raise funds and go public in Mumbai at a later stage, the people said.

A listing may value Agratas at $5 billion to $10 billion depending on its growth and market sentiment, they said. A representative for Tata declined to comment.




Agratas designs and makes batteries for the automobile and energy sectors, with factories in India and the UK, according to its website. Tata Motors Ltd. and its unit Jaguar Land Rover Automotive Plc are its anchor customers.

Tata Motors last month regained its position as India's most valuable carmaker due to its strong position in sports utility vehicles and EVs. The company's most recent quarterly earnings beat estimates after JLR had its best profit in seven years.

Agratas is in talks with a group of banks to raise as much as $500 million via a green loan to help develop its factories, Bloomberg News reported in January.

Tata Motors is also exploring similar spinoff plans for its EV business as some of the existing investors may want to exit, one of the people said. The EV operation may go public as a separate company at a later stage, the person said.

Considerations are preliminary and Tata may decide against proceeding with the spinoffs, the people said.

# Sanjay Kumar Jain takes charge of IRCTC CMD

**NEW DEIHI, (Agency).** Railway PSU IRCTC on Wednesday announced the appointment of Sanjay Kumar Jain as its Chairman and Managing Director with immediate effect.

Prior to this role, Jain was Principal Chief Commercial Manager (PCCM) of Northern Railway, Indian Railway Catering and Tourism Corporation Ltd (IRCTC) said in an exchange filing.

"...the appointment of Sanjay Kumar Jain has been approved by the Government of India (Ministry of Railways) for the post of CMD on immediate absorption basis...for a period with effect from the date of his assumption of charge of the post and till the date of his superannuation i.e. 31.12.2026 or until further orders, whichever is the earlier," IRCTC said.

Jain has relinquished the charge of PCCM/ Northern Railway on February 13, 2024 and has assumed the charge of the post of IRCTC Chairman and Managing Director (CMD) on regular basis with effect from February 14, 2024. The official is an Indian Railway Traffic Services (IRTS) Officer of 1990 batch. A qualified Chartered Accountant (CA), Jain has been at leadership roles in policy making, commercial ventures and developmental ventures of the Government of India and PSUs.

पेट्रोल पंप मैनेजर की आंख में मिर्ची झोंक

# 27 लाख रुपये लूटने की कोशिश चार बदमाश गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। बाइक सवार बदमाशों ने पेट्रोल पंप के मैनेजर से 27 लाख 58 हजार रुपये लूटने की कोशिश की। बदमाशों ने आंखों में मिर्ची झोंकी, लेकिन मैनेजर नीचे झुक गया और बदमाशों को भागना पड़ा। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चार बदमाशों को पकड़ा है।**

घटना एरोड्रम थाना अंतर्गत वेंकटेश नगर साईं विला के सामने की है। फरियादी उमेश राजाराम जाधव निवासी दामोदर नगर की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया है। उमेश 60 फीट रोड़ स्थित गुरुकृपा पेट्रोल पंप पर मैनेजर है। 12 फरवरी को सुबह करीब सवा 11 बजे बाइक से 27 लाख 58 हजार रुपये लेकर एयरपोर्ट रोड़ की आइडीबीआइ बैंक जा रहे थे।

### बचकर बैंक में घुसा मैनेजर

जब उमेश साईं विला के सामने से गुजरे तो बाइक पर आए दो बदमाशों ने उन पर मिर्च पावडर फेंका। शक होने पर उमेश ने गर्दन नीचे कर ली और बदमाशों का निशाना चूक गया। मिर्ची कंधे और गर्दन पर गिरी। उमेश बचकर बैंक में घुसा और गार्ड व अफसरों को घटना बताई। उस वक्त पुलिस को सूचना नहीं दी गई।

### पुलिस ने निकाले सीसीटीवी फुटेज

दूसरे दिन पुलिस उमेश को घटना स्थल पर ले गई और सीसीटीवी फुटेज निकाले। गुरुवार को पुलिस ने 19 वर्षीय अनिकेत चौहान सत्यसांई बाग कालोनी, 20 वर्षीय तुषार सूर्यवंशी निवासी वाल्मीकि नगर, 19 वर्षीय ऋतिक सुकनूर निवासी राखी नगर और 21 वर्षीय अतुल प्रजापत निवासी गोविंद कालोनी सभी थाना बाणगंगा निवासी को पकड़ लिया। अनिकेत ही मुख्य आरोपित है। दो रैकी करने में शामिल थे।

### दो बाइक की आमने सामने भिड़ंत; 2 की मौत, 2 घायल

इंदौर। किशनगंज थाना क्षेत्र में आने वाले राऊ-खलघाट फोरलेन पर दो बाइक की आमने सामने भिड़ंत हो गई। हादसा भाटखेड़ी गांव के पास दोपहर करीब 2 बजे हुआ जिसमें दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार राऊ-खलघाट फोरलेन पर खरगोन की से ओर से आ रही बाइक से गलत दिशा से आ रही बाइक सामने से टकरा गई। हादसे में खरगोन की से ओर से आ रही बाइक पर सवार दो युवक नीचे गीर गए। इस दौरान उन्हें सडक से जा रहे ट्रक ने कुचल दिया जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं अन्य बाइक पर सवार दो युवक घायल हो गए। सुचना पर किशनगंज पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को 108 की मदद से सिविल अस्पताल भेजा गया। घटना के बाद सडक पर पर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने शवों को पीएम के लिए रवाना किया और जाम खुलवाने का प्रयास कर रही है।

# चलती इलेक्ट्रिक स्कूटी में लगी आग

### युवक ने बच्चों के साथ कूदकर बचाई जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। महू के पास मलेंदी गांव में गुरुवार सुबह बच्चों को स्कूल छोड़ने जा रहे युवक की इलेक्ट्रिक स्कूटी में अचानक आग लग गई। हादसे में स्कूटी पर सवार दो बच्चों सहित तीन लोग घायल हो गए। इस दौरान सभी ने कूद कर अपनी जान बचाई और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया।**

जानकारी के अनुसार मलेंदी गांव निवासी अशोक बनारसी दो बच्चों को गुरुवार सुबह इलेक्ट्रिक स्कूटी से आंगनवाड़ी छोड़ने जा रहा था। स्कूटी पर 1 साल का बच्चा मयंक बनारसी आगे बैठा था, वहीं चाचा अशोक स्कूटी चला रहा था और स्कूटी के पीछे 4 साल की मानवी बनारसी बैठी थी। इस दौरान पंचायत के सामने करीब 10:30 बजे स्कूटी से टायर फटने जैसी आवाज आई।

वह दोनों बच्चों को लेकर गाड़ी से कूद गया। इसके बाद देखते ही देखते पूरी गाड़ी जल गई। घटना की जानकारी लगते ही बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ भी मौके पर पहुंच गई और ग्रामीणों ने ही आग पर काबू पाया। हादसे में तीनों ही झुलस गए। मयंक का सीधा हाथ जला, तो वहीं मानवी के दोनों पैर नीचे से जले गए। हादसे के बाद तीनों को सिविल अस्पताल लाया गया जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया।

अशोक ने बताया डेढ़ साल पहले इंदौर से उसने जितेंद्र कंपनी की इलेक्ट्रिक स्कूटी खरीदी थी। स्कूटी में दो बैटरी थी जिसे वह चार्ज करके निकाला था। घर से निकलते ही थोड़ी दूर पर अचानक शॉर्ट सर्किट हुआ और गाड़ी में आग लग गई

# भाई से विवाद : तलवार लहराने और मारपीट का आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। जूनी इंदौर थाने में देर रात कांग्रेस पार्षद और उनके भाई के बीच विवाद हो गया। पार्षद ने आरोप लगाया कि उन्होंने अवैध कब्जे की शिकायत की थी। इस मामले में उनका भाई पीछे तलवार लेकर दौड़ा। रात को सूचना के बाद कांग्रेस के नेता भी थाने पहुंचे। पुलिस ने दोनों के खिलाफ एक दूसरे पर मारपीट करने के मामले में केस दर्ज कर लिया है।**

जूनी इंदौर पुलिस ने कांग्रेस पार्षद मोहम्मद सादिक खान की शिकायत पर मुजाहद्दीन उर्फ मंजूर के खिलाफ मारपीट करने ओर धमकाने के मामले में केस दर्ज किया है। सादिक ने बताया कि वह शाम को नगर निगम के कर्मचारियों का इंतजार कर रहे थे। तभी मंजूर जीप से आया और आते ही गालियां देने लगा। विरोध करने पर साथियों के साथ मिलकर मारपीट की। तलवार निकालकर लहराने लगा। पीछे से मारने दौड़ा। लेकिन वहां पर मौजूद लोगों ने जान बचा ली।

### पार्षद सहित चार के खिलाफ कराई एफआईआर

मंजूर ने अपनी एफआईआर में सादिक खान,साजिद खान,सउद खान और उमेर खान के खिलाफ मारपीट सहित अन्य मामले में केस दर्ज कराया है। मंजूर के मुताबिक शाम को भाई सादिक से उनका विवाद हो गया। शिकायत करने थाने जा रहे थे। रास्ते में सादिक और रफीक सहित अन्य लोगों ने मारपीट की। इस दौरान परिचितों को कॉल किया और मौके से भागकर अपनी जान बचाई।

# परिवारिक विवाद में महिला ने किया सुसाइड

### घर पर अकेली थी तब खाया जहर, दूसरे दिन अस्पताल में तोड़ा दम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। बाणगंगा में रहने वाली एक शादीशुदा महिला ने जहर खा लिया। उसकी तबीयत बिगड़ने के बाद अस्पताल ले जाया गया। यहां दूसरे दिन मौत हो गई। पुलिस ने मामले में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बाणगंगा पुलिस के मुताबिक पूनम (32) पति भानू ठाकुर ने 14 फरवरी की दोपहर जहर खा लिया। बड़ी बेटी ने तबीयत बिगड़ने पर पिता को कॉल कर जानकारी दी। पति घर पहुंचा और पत्नी को अस्पताल लेकर गया।**

गुरुवार रात पूनम ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। भानू के मुताबिक उनकी शादी को करीब 17 साल हो गए। तीन बच्चे हैं। बुधवार सुबह ईट की गाड़ी पर काम करने चले गए थे। पत्नी के बीच किसी तरह की बात भी नहीं हुई। पूनम की आत्महत्या को लेकर पुलिस जांच कर रही है।

### बीमारी से परेशान ऑटो ड्रायवर ने खाया जहर

द्वारकापुरी इलाके में रनहे वाले एक ऑटो ड्रायवर ने बीमारी से परेशान होकर जहर खा लिया। परिजन उपचार के लिए एमवाय अस्पताल पहुंचे। यहां मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक गिरीश (51) पुत्र किशनलाल शर्मा का अलग अलग अस्पतालों में उपचार चल रहा था। परिवार की देखभाल को लेकर तनाव में थे। गुरूवार को उन्होंने जहर खाया था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक